St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar (2nd Term) (Answer Worksheet –22) **Date: 07.12.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -3**

'मेरा प्रिय मित्र ' विषय पर एक अनुच्छेद लिखो |

संकेत बिंदु -

- मित्र का नाम और पता
- मित्र का परिवार
- मित्र के गुण
- मित्र का लक्ष्य
- आपका मित्र प्रिय क्यों है ?

' मेरा प्रिय मित्र '

मेरे प्रिय मित्र का नाम अभिषेक है | वह मेरे बचपन का मित्र है | वह हमारे पड़ोस में रहता है | सब जगह लोग हमारी मित्रता का उदाहरण देते है |

मेरे मित्र के परिवार में उसके दादाजी,दादीजी ,माताजी और पिताजी है | उसकी एक छोटी बहन भी है | उसके पिताजी एक डॉक्टर है और माताजी एक अध्यापिका हैं | उसके दादाजी ,दादीजी उसे हमेशा अच्छी बात सिखाते हैं |

मेरा प्रिय मित्र अभिषेक एक अनुशासन प्रिय लड़का हैं | वह बड़ो का बहुत आदर करता था | वह पढाई में भी बहुत होशियार है | विद्यालय में भी हम दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते है | हम सब साथ- साथ खेलते है | सब शिक्षक उसे प्यार करते है |

मेरा मित्र अपने पिताजी की तरह ही डॉक्टर बनना चाहता है | अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए वह अभी से बहुत मेहनत करता है|वह मुझे भी आगे बढ़ने के लिए बहुत प्रेरित करता है |

मुझे जब भी उसकी मदद चाहिए , वह मेरे साथ हर समय खड़ा रहता है | पढाई में भी मेरी मदद करता है | अपने गुणों के कारण ही वह मेरा प्रिय मित्र है |

Poonam Mehra